सभी स्टेशनों पर पहुंच गया है टाइमटेबल लेकिन स्वीकृति के इंतजार में

बरेली-कासगंज के बीच रेल सेवाएं नहीं हुई संचालित

पहले टाइम टेबल होगा पास फिर चलेंगी ट्रेनें

अमर उजाला ब्यूरो

बदायूं। बरेली-कासगंज नवनिर्मित ब्राडगेज लाइन पर यात्री सेवाएं शुरू होने में कुछ खामियां जरूर हैं। यही वजह है कि रेलवे यात्री सुविधाएं शुरू नहीं कर पा रहा है। रेलवे के अधिकारी इस सेवा को शुरू किए जाने की बात भी गोपनीय रखे हुए हैं। हालांकि इतना स्पष्ट हो गया है कि रेलवे ने स्टेशनों और हाल्टों पर टाइम टेबल भेज दिया गया है। इस टाइम टेबल को भी अभी पक्का नहीं माना जा रहा है। बताया गया है कि जबतक रेलवे मुख्यालय से टाइम टेबल स्वीकृत होकर नहीं आता तब तक इसे अधिकृत नहीं माना जाएगा। टाइम-टेबल स्वीकृत को मुख्यालय गया हुआ है।

सोमवार को पैसेंजर ट्रेन शुरू नहीं हुई। अब तो रेलवे के अधिकारी भी इस बात से इंकार कर रहे हैं सोमवार को बरेली से कासगंज तक ट्रेन चलाने का कोई ऐलान नहीं किया गया था। बदायूं स्टेशन अधीक्षक ओम प्रकाश मीना का कहना हे कि अभी उनकों ट्रेन संचालन कब से होगा सूचना नहीं मिली है। कहा कि तैयारियां पूरी हैं। बुकिंग विडों के बारे में उन्होंने बताया कि एडीशनल विंडों पहले तीन थीं जिन्हें बढ़ाकर तीन कर दिया गया है। विंडो के लिए स्टाफ भी पूरा है। अधिकतर स्टॉफ आ चुका है, कुछ आगे भी आएगा। उन्होंने उच्चाधिकारियों से प्राप्त टाइम-टेबल के बारे में भी जानकारी दी।

सोमवार को यात्री ट्रेन तो शुरू नहीं हो सकी लेकिन कासगंज की ओर से मालगाड़ी आई जो रोजा को गई है। बदायूं स्टेशन से यह 16.42 बजे गुजरी। मालगाड़ियों के लिए यह ट्रेक चालू है।

रेलवे के क्वाटर्स में जहां अब तक सन्नाटा पसरा रहता था, वहां अब रौनक है। कर्मचारी और उनके परिवार रहने को आ गए हैं। इससे जाहिर है कि रेल ट्रेक पर यात्री सुविधाएं जल्दी ही शुरू हो जाएगी। रेलवे सेवा शुरू न होने के कारण कर्मचारी और अधिकारी ठाली बैठकर ही समय गुजार रहे हैं।

रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर एक अभी ट्रेन के लिए तैयार नहीं है। यहां पटरियों के बोल्ट तक नहीं खिंचे हैं। प्लेटफार्म दो पर जाने के लिए पटरियों के बीच से रास्ता बनाया गया है, वह सुरक्षित नहीं है।

बदायूं के स्टेशन अधीक्षक ओम प्रकाश मीना का कहना है कि वह पूरी तरह से अलर्ट हैं। जैसे ही रेल सेवा शुरू होने की सूचना मिलेगी। यात्रियों को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। फिलहाल उन्हें अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है कि कब से यात्री सेवा शुरू हो रही है। वह खुद इस इंतजार में हैं।

डीआरएम चंद्रमोहन जिंदल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने कहा है कि सोमवार से रेल सेवा शुरू किए जाने की कोई अधिकृत सूचना नहीं थी। टाइमटेबल बन गया है और रेलवे मुख्यालय स्वीकृति को गया है। जब तक रेलवे मुख्यालय से इसकी स्वीकृति नहीं आती तबतक इसे भी मान्य नहीं माना जाएगा। रेलवे सेवा शुरू होने पर की बात पर वह भी टालमटोल कर गए।

रेलवे का टाइम टेबल जिस पर लग सकती है स्वीकृति की मोहर

ट्रेन नंबर- 55344 डाउन

स्टेशनों का समय

बरेली सिटी 9.35 बजे

बदायूं- 11.12 बजे

कासगंज सिटी 12.45 बजे

ट्रेन नंबर- 55346 डाउन

स्टेशनों का समय

बरेली सिटी 18.10 बजे

बदायूं- 20.05 बजे

कासगंज सिटी 21.40 बजे

ट्रेन नंबर- 55345 अप

स्टेशनों का समय

कासगंज सिटी 07.15 बजे

बदायूं- 08.40 बजे

बरेली सिटी 10.45 बजे

ट्रेन नंबर- 55343 अप

स्टेशनों का समय

कासगंज सिटी 14.00 बजे

बदायूं- 15.21 बजे

बरेली सिटी 17.10 बजे

कासगंज सिटी से बदायूं तक की सेवाएं

ट्रेन नंबर- 05317अप

स्टेशनों का समय

कासगंज सिटी 10.15 बजे

बदायूं- 12.00 बजे

ट्रेन नंबर- 05319अप

स्टेशनों का समय

कासगंज सिटी 17.00 बजे

बदायूं- 18.30 बजे

ट्रेन नंबर- 05321अप

स्टेशनों का समय

कासगंज सिटी 22.00 बजे

बदायूं- 23.25 बजे

बदायूं से कासगंज सिटी तक की सेवाएं

ट्रेन नंबर- 05318अप

स्टेशनों का समय

बदायूं- 06.30 बजे

कासगंज सिटी 08.00 बजे

ट्रेन नंबर- 05320अप

स्टेशनों का समय

बदायूं- 13.30 बजे

कासगंज सिटी 15.00 बजे

भारतीय कम्पनी जिसे हर प्रकार के
ल्टरों और डोमेस्टीक एवं इन्डसट्रियल
0 मेम्ब्रेन्स के लिए NSF मिला
असली स्पेरस के लिए
रा नया लेबल चेक करें।

AWARD WINNING MEMBRANES
32 84950, 8736 84950
Toll Free No.: 1800 120 1212
S "HITECHRO OEM" to 54242